संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 71 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# केंद्र और तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराया

● अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपये का प्रतीक चिह्न हटा दिया

**आर-पार**

**ऐसा माना जा रहा है भाषा विवाद के चलते तमिलनाडु सरकार ने यह कदम उठाया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नईः** तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपये का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। ऐसा माना जा रहा है भाषा विवाद के चलते तमिलनाडु सरकार ने यह कदम उठाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है। इसके अलावा लोगो में सबके लिए सब कुछ भी लिखा है। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु शुक्रवार को 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगे।

**तमिलनाडु सरकार और केंद्र में चल रहा विवाद**
केंद्र सरकार और द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम यानी डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 में प्रस्तावित त्रिभाषा फॉर्मूला राजनीतिक विवाद का केंद्र बना हुआ है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी व त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करने से मना कर दिया है। इसके चलते केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत मिलने वाली 573 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता रोक दी है। एसएसए फंडिंग पाने के लिए राज्यों को एनईपी के दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है। फंड रोके जाने से सीएम स्टालिन बिफरे हुए हैं। उन्होंने दक्षिणी राज्यों में हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। केंद्र के अनुसार शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है व त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करना राज्यों की जिम्मेदारी है। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु और पेरियार का अपमान करती है।



## सिद्धारमैया ने स्टालिन को परिसीमन के मुद्दे पर दिया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**बंगलूरूः कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को प्रस्तावित संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया के खिलाफ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले विपक्ष को समर्थन दिया। उन्होंने उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार से इस मुद्दे पर चर्चा के लिए चेन्नई में होने वाली बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया। हालांकि, सिद्धारमैया ने आज तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन को लिखे पत्र में कहा, मैं इस बैठक में भाग लेना चाहता हूं, लेकिन पहले से तय कार्यक्रमों के कारण मैं इसमें शामिल नहीं हो पा रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा, मुझे आपका सात मार्च का पत्र मिला है, जिसमें राज्य की स्वायत्तता से जुड़े उन महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं।

# राजस्थानः सीएनजी के दाम कम हुए, दो रुपये 12 पैसे हुई सस्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुरः प्रदेश की भजनलाल सरकार ने होली के मौके** पर प्राकृतिक गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत का एलान कर दिया है। राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) समेत उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस), सीपीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) प्राकृतिक गैस की दरों में कमी कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब राजस्थान स्टेट गैस के सीएनजी स्टेशनों पर आम नागरिकों को सीएनजी गैस दो रुपये 12 पैसे प्रति किलोग्राम सस्ती उपलब्ध होगी। आरएसजीएल द्वारा जारी नई दरों के अनुसार अब कोटा में आम नागरिकों को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस सीएनजी में 2.12 रुपये प्रति किलो की राहत देते हुए अब 91 रुपये नौ पैसे प्रति किलोग्राम उपलब्ध होगी। घरेलू डीपीएनजी में 1.25 रुपये की राहत देते हुए 49.35 रुपये प्रति एससीएम, व्यावसायिक पाइप्ड नेचुरल गैस में 1.50 रुपये की राहत देते हुए 64.50 रुपये प्रति एससीएम, औद्योगिक पाइप्ड नेचुरल गैस में 1.41 रुपये की राहत देते हुए 60.59 रुपये प्रति एससीएम की दर पर उपलब्ध कराई जाएगी।




**राहत**

**सीपीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) प्राकृतिक गैस की दरों में कमी कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी**

# गांधीनगर संसदीय क्षेत्र में छह अस्पतालों के निर्माण का एलान

**स्वास्थ्य सेवाएं**

**गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में छह नए अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जो निवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबादः केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में छह नए अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जो स्थानीय निवासियों को उनके घरों के पास किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद के नजदीक साणंद कस्बे में 500 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया जा रहा है, जबकि एक अस्पताल गांधीनगर के कलोल कस्बे और एक उनकी निर्वाचन क्षेत्र की सीमा पर बनाए जा रहे हैं। शाह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद डिजिटल माध्यम से एक सभा को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। शाह ने वीडियो लिंक के जरिए साणंद-कडी रोड पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा, उन्होंने अहमदाबाद को गांधीनगर से जोड़ने वाले सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग पर बने दो फ्लाईओवर का भी शिलान्यास किया।

**आम नागरिकों को भी मिलेगा साणंद के अस्पताल का लाभ**
अहमदाबाद जिले के कई हिस्से गांधीनगर सीट का हिस्सा हैं, जिनमें साणंद और बावला तालुका भी शामिल हैं। शाह ने अपने संबोधन में कहा, केंद्र सरकार ने साणंद में 500 बिस्तरों वाले अस्पताल को मंजूरी दी है। यह अस्पताल पहले केवल आसपास के इलाकों के फैक्टरी श्रमिकों के लिए ही था, लेकिन हमारी सरकार ने इसका लाभ साणंद और बावला तालुका में रहने वाले प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का फैसला किया।

# हरियाणा बना देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हरियाणा देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। गत 10 वर्षों में प्रदेश में 7 लाख 66 हजार सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग लगे हैं तथा इनमें 39 लाख लोगों को रोजगार मिला है। वर्ष 2013-14 में प्रदेश का निर्यात 68 हजार करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2 लाख 75 हजार करोड़ रुपये का हो गया। इसके अलावा, सरकार की रोहतक में ई.वी. पार्क स्थापित करने की योजना है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री बड़ी तेजी से बढ़ रही है। हरियाणा में लगभग 28 हजार फूड प्रोसेसिंग यूनिट लग चुकी हैं। इसके अलावा, बहादुरगढ़ में सेक्टर-17 में फुटवियर पार्क बनाया है। इसमें लगभग 2,500 विनिर्माण इकाइयां स्थापित हैं। पिछले एक दशक में एचएसआईआईडीसी ने बहादुरगढ़ में लगभग 50 औद्योगिक प्लाट आवंटित किए हैं, जिनमें 350 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि आई.एम.टी. रोहतक में भी लगभग 70 एकड़ क्षेत्र में एक और फुटवियर पार्क का विकास और विस्तार किया है।







सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमचन्द्र गुप्ता
प्रधान, मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा


सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
पूनम चौहान
अध्यक्ष, उत्तर पूर्वी जिला
गुलाब सिंह राठौर
निगम पार्षद, मुकुंदपुर वार्ड-8


सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मंगत राम सिंघल
पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार
शिवांक सिंघल
पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस, आदर्श नगर विधानसभा


आप सभी क्षेत्रवासियों को
होली
की
हार्दिक शुभकामनाऐं
माधव प्रसाद
उपाध्यक्ष, पूर्वांचल मोर्चा, भाजपा दिल्ली प्रदेश
पूर्व निगम पार्षद, संगम पार्क (मॉडल टाऊन विधान सभा)
पूर्व चेयरमैन सिविल लाईन जोन (दिल्ली नगर निगम)


मॉडल टाउन विधान सभा
के सभी क्षेत्रवासियों
को
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
हरीश असड़ी
संयोजक, चाँदनी चौक विधान सभा
पूर्व सदस्य राज्य परिषद दिल्ली प्रदेश भाजपा


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
राज कुमार भाटिया
विधानसभा सेवक, आदर्श नगर विधानसभा


aap
AAM AADMI PARTY
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश गोयल
नेता सदन, दिल्ली नगर निगम
निगम पार्षद, आदर्श नगर

## संपादकीय

# होली खेलें पर सावधानी के साथ

**रंगों के** त्योहार होली पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा। लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिंता का सबब बनने लगा है। ज्यादातर रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिससे होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है। ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं व बच्चों की कोमल त्वचा पर तो इन रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं। कई बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए अगर आप अपनी होली को होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर अवश्य ध्यान दें-

- रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है।
- होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोम छिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी।
- होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर आयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके।
- होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके।
- महिलाएं होली खेलते समय मोटे और ढ़ीले सूती तथा गहरे रंग के वस्त्र पहनें। सफेद अथवा हल्के रंग के वस्त्र पानी में भीगकर शरीर से चिपक जाते हैं, जिससे सार्वजनिक रूप से महिला को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ सकता है।
- आप ऐसा व्यवहार हरगिज न करें, जिससे आपके रिश्तेदारों, पति के मित्रों अथवा अन्य पुरुषों को आपसे छेड़छाड़ करने का अनुचित अवसर मिल सके। अपना व्यवहार पूर्णतः संयमित, शालीन और मर्यादित रखें और सामने वाले की कोई गलत हरकत देखने के बाद भी उस पर मौन साधकर उसे और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित न करें। - होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है।

# हैप्पी होली के मैसिज ने ली दिल से जुड़े रिश्ते की जगह....

—प्रियंका सौरभ

> "रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था"

**आज** हम जो होली मनाते हैं, वह पहले की होली से काफी अलग है। पहले, यह त्यौहार लोगों के बीच अपार खुशी और एकता लेकर आता था। उस समय प्यार की सच्ची भावना होती थी और दुश्मनी कहीं नहीं दिखती थी। परिवार और दोस्त मिलकर रंगों और हंसी-मजाक के साथ जश्न मनाते थे। जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं। होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। "आओ राधे खेलें फाग, होली आई" के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की




**घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण "होली मुबारक" ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं**

थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण "होली मुबारक" ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरूआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब खत्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहाँ चली गई है? आज, होली महज एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को खत्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और भांग की भावना में डूबे हुए फगुआ गीत गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस खुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

======================

## कविता

### सावन के मनभावन दोहे

तन मन जीवन पर चढ़े, नेह-मेह के रंग।
अबकी होली में खिले, जीवन के हर अंग।।

रंग रंग के संग से, बदले जीवन रंग।
उमंग रंग तरंग से, रसमय जीवन जंग।।

तन पर बरसे रंग-रस, मन भींजे रस माहिं।
लागी लगे लगाव से, खैर बैर अब नाहिं।।

रंगरसिया मन बसिया, हर दिन होली होय।
रस बरसे मन-गगन से, रस से बचे न कोय।।

तमसो मा ज्योतिर्गमय, अवगुण दहन कराहि।
सावन पावन होलिका, ज्योति जले मन माहि।।

- डॉ. सुनील

---------

# नवोन्मेष का आहवान

**गिरीश्वर मिश्र**

**शिशिर के बाद फागुन और चैत आते के** साथ वसंत ऋतु की दस्तक होती है। वसंत में प्रकृति अपने सौंदर्य का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र रहती है। उसके अपने दूत बने पक्षी गाकर, वृक्ष और पादप नए पुष्प और पल्लव के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस व्यग्रता का डंका बजाते चलते हैं। फागुन की मदमाती बयार किसी के भी चित्त को उन्मथित किए बगैर नहीं छोड़ती यह सब एक क्रम में कालचक्र की निश्चित गति में आयोजित होता है। प्रकृति नया परिधान धारण करती है। खेतों और बाग-बगीचों में रंगों से अद्भुत चित्रकारी चलती रहती है। पीली सरसों, तीसी के नीले फूल, आम की मंजरी, कोयल की मधुर कूक के बीच प्रकृति एक रमणीय सुंदर चित्र की तरह सज उठती है। बिना किसी व्यतिक्रम के एक संगति में ये विविधता भरा बदलाव एक नया, अनोखा, आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है। नया रमणीय होता है इसलिए मानव चित्त को बड़ा प्रिय लगता है। नए अनुभव के लिए मन में उत्सुकता और उल्लास भरा होता है। अनजाने का आकर्षण अतिरिक्त उत्साह भरता है। वसंत में ऋतु-परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने के लिए विवश करता है। इस आलोड़न के चलते लोग वह नहीं रह जाते जो होते हैं। चित्त के परिष्कार से व्यक्ति कुछ का कुछ बन जाता है। जुड़ने और आत्म-विस्तार से ही मनुष्य होने का अर्थ सिद्ध होता क्योंकि एक अकेला व्यक्ति अधूरा ही रहेगा। दूसरों के बीच और दूसरों से जड़ कर ही हमें अस्तित्व की प्रतीति हो पाती है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है जो ऊजार्वान बनाती है।

जब कालिदास ने उत्सवप्रियाः मानवाः कह कर उत्सवधर्मिता को मनुष्यता का लक्षण घोषित किया था तो उनके ध्यान में होली जैसे मदनोत्सव ही रहे होंगे जिनमें लोग अपनी भिन्नता से ऊपर उठ कर साझे की अस्मिता रचते हैं। अहंकार की सीमाओं को तोड़ एक अतिक्रामी पहचान बानाने का यह उत्सव ज़िंदगी में नीरसता के विरुद्ध रस की ललकार है। ऊपरी भेदों को रंगों में डुबो कर सब को अपने जैसा बनाने और देखने का उद्योग आपसी सौहार्द की भावना को भी जगाता है। यह दुखद है कि आज अस्मिताओं की घोर लड़ाई चल रही है। बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना निकटता, साझेदारी और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। आज की आधुनिक जीवन-शैली में हम अपने अनोखेपन और दूसरों से अलग पहचान पर बड़ा जोर है। सबकी चाह है कि वस्त्र, भोजन और आभूषण सबकुछ ह्यकस्टमाइज्डह्ल और ह्यडिजाइनरह्ल होना चाहिए। अलग लगने और दिखने की अदम्य चाहत से फि जूलखर्ची, ऊब और थकान भी बढ़ रही है। सबसे अलग होने के क्रम में फैशन की दुनिया में नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं जिसके चलते व्यर्थता का अहसास भी बढ़ता जा रहा है।

## विचार

# लड़कियों को धोखा देते एनआरआई दूल्हे

**सुभाष आनंद**

एनआरआई दूल्हों से शादी करने वाली लड़कियों की परेशानियां साल दर साल बढ़ रही है। यदि पिछले 5 वर्ष के आंकड़ों पर दृष्टि डाली जाए तो पंजाब की लड़कियों ने सबसे ज्यादा धोखे खाए हैं । इनमें अधिकतर ऐसे एनआरआई दूल्हे है जिन्होंने लड़कियों से शादी तो भारत में कर ली पर बाद में अपने साथ नहीं ले गए। जो लड़के शादी करने के बाद अपनी पत्नी को विदेश ले गए वे भी वहां उनसे दुर्व्यवहार कर रहे हैं या फिर उन्हें मेड जैसे कार्यों में लगा रहे हैं। कई केसों में तो पता चला है कि दूल्हे ने तो विदेश में पहले ही शादी रचाई हुई होती है। ऐसे अनेक मामले सामने आ रहे हैं।

अब लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है ,देखने में आया है कि कई लड़कियां अच्छे परिवार के लड़कों से शादी रचाकर ससुराल के पैसों से विदेश चली जाती है और विदेश में जाने के पश्चात वह अपने पति को भूल जाती है। अपने पति को विदेश बुलाने की बजाय वह उनसे संपर्क बनाने से ही परहेज करने लगती है। पंजाब में ऐसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

इस तरह की जानकारी उन आंकड़ों से सामने आई है जो पुलिस ने राष्ट्रीय महिला आयोग को दिए हैं। वर्ष 2021 से 2024 तक 896 मामले राष्ट्रीय महिला आयोग ने एनआरआई सेल को दिए गए। जिसमें शादी और अन्य घरेलू समस्याओं को लेकर मामले थे। पंजाब में ऐसे मामलों की संख्या 2021 में 152 थी जो 2022 में बढ़कर 176 हो गई है, 2023 में 204 और 2024 में इन शिकायतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई यह संख्या 276 तक पहुंच चुकी है।

**पंजाब सबसे ज्यादा निशाने पर**

2024 के अंत तक पंजाब में सबसे अधिक शिकायतें मिली जो 276 तक पहुंच गई ,दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र जहां 246 शिकायतें मिली ,तीसरे स्थान पर दिल्ली है जहां 228 शिकायतें मिली। पिछले वर्ष की बात करें तो दिल्ली सबसे ऊपर था। इन आंकड़ों से साफ दिखाई देता है कि दुनिया के विभिन्न विभिन्न देशों में रहने वाले एनआरआई लड़के भारत में सबसे ज्यादा पंजाबी कुड़ियों को धोखा दे रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार आस्ट्रेलिया, कनाडा, यू.के में रहने वाले एनआरआई लड़कों ने पंजाबी लड़कियों के साथ सबसे ज्यादा धोखे किए हैं। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पंजाब महिला आयोग ने पंजाबी मुटियारों का एक सम्मेलन करवाया,इसमें पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और इसे शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया । अमेरिकन एनआरआई लड़कों ने भारतीय लड़कियों का जहां शोषण किया वहीं धोखेबाजी भी की है।

पंजाब में फगवाड़ा ,फिलौर ,जालंधर इन तीन बड़े शहरों में सबसे ज्यादा शिकायतें मिल रही है ,यहां के अधिकतर लोग पिछले कई वर्षों से विदेश गए हुए हैं,यहां उनके घर खाली पड़े हैं। प्रायः यह शिकायतें ज्यादा है कि ऐसे लोग भारत आकर शादी करते हैं फिर लड़कियों को विदेश ले जाकर उन्हें परेशान करते हैं। फिल्लौर की ईसाई परिवार से संबंधित मारिया ( बदला हुआ नाम) ने बताया कि मेरी शादी एक अच्छे परिवार में ईसाई रीति रिवाज से हुई लेकिन मेरे पति सैमुअल ने पहले ही कनाडा में शादी रचाई हुई थी। मुझे उसके बच्चों की देखभाल करने को कहा गया,विरोध करने पर वह मुझ पर हाथ उठाता। आखिर एक दिन मैंने सारी बात अपने माता-पिता को बताई।

मारिया का कहना है कि एनआरआई लोगों से शादी करने से पहले मां-बाप को तसल्ली कर लेनी चाहिए, अधिकतर एनआरआई धोखेबाज ही निकलते हैं। विदेशों में बसे एनआरआई की चमक धमक को ही नहीं देखना चाहिए ,उनकी असलियत देखकर ही अपनी लड़की के रिश्ते करने चाहिए।

कई लोगों का कहना है कि विदेश में ब्याही उनकी लड़कियां नरक भोग रही है। उन्हें तरह तरह से परेशान किया जाता है , उनकी लड़कियां विदेशों में मैड का काम करने को



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

# शहनाज हुसैन के खूबसूरती टिप्स

मेरा यह मानना है कि सुंदर दिखने के लिए मेक अप का इस्तेमाल कतई जरूरी नहीं है बल्कि इसके ज्यादा इस्तेमाल से चेहरे की नेचुरल ब्यूटी खत्म होने लगती है।अगर आप अपनी जीवन शैली में उचित बदलाब करते हैं तो आपको मेक अप की जरूरत ही नहीं पड़ती /

आज हम आपको इन्हीं कुछ अच्छी आदतों वाली टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैंए जो आपको सुंदर बनाने में मददगार साबित हो सकती है/ आइए जानते हैं/

**1 --नियमित रूप से सफाई**

सबसे जरूरी बात जो समझने वाली है कि चेहरे पर ग्लो या रंगत तभी दिखेगी जब चेहरे की नियमित रूप से सफाई की जाएगी। इसलिए रोजाना चेहरे को सुबह, शाम ठंडे पानी से धोएं, अच्छा फेसवॉश लगाएं और हफ्ते में कम से कम 2 बार स्क्रब जरूर करें।

**1 ---खूब पिएं पानी----**

खूबसूरती में त्वचा को हाईड्रेट रखना काफी अहम माना जाता है / त्वचा को हाईड्रेट रखने के लिए रोजाना खाली पेट पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन कीजिये लेकिन एरिएटेड ड्रिंक्स से परहेज कीजिये , जूस ,सूप , तरल पदार्थों और हरी सब्जियों के सेवन से चेहरे पर प्रकृतिक निखार आता है / जब आप हरी सब्जियों , मौसमी फल और तरल पदार्थों का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर में पौषक तत्व प्रवेश करते हैं जोकि आपको प्रकृतिक तौर पर सुन्दर बनाने हैं / इसके अलावा झुर्रियां और दाग.धब्बे भी कम होने लगते हैं/ साथ ही त्वचा में नमी बनी रहती है।

अगर आप पिम्पल्स / ड्राई नेस की समस्या से जूझ रही हैं तो दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पियें / दिन में दो लीटर पानी पीने से शरीर के टॉक्सिन्स बाहर आ जायेंगे और शरीर बेहतर तरीके से काम करना शुरू कर देगा / पानी पीने और स्वस्थ त्वचा का गहरा संबंध है/-सुन्दर दिखने के लिए नियमित रूप से ब्यायाम अत्यधिक जरूरी है / अगर आप नियमित रूप से ब्यायाम करेंगे तो शरीर से बिषाक्त तत्व बाहर निकलेंगे और कोलोजन की मात्रा बढ़ेगी जिससे त्वचा कोमल , मुलायम और आकर्षक दिखेगी / सुन्दरता निखारने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींद लेना काफी जरूरी माना जाता है।

# धूल भरी सड़कें और टूटे हुए सपने

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**शिवपुर के** छोटे से गाँव में जीवन हमेशा सादगी और संघर्ष की एक मधुर धुन रहा है। यहाँ, सूरज गेहूं के सुनहरे खेतों को चूमता है, और हल्की हवा गाँव के कुएं के पास खेलते बच्चों की हंसी को लेकर आती है। लेकिन इस अद्भुत दृश्य के बीच खड़े हैं मास्टर विनय, एक समर्पित शिक्षक, जिनका जीवन सरल नहीं था। सालों से, उन्होंने अपने छात्रों में ज्ञान की रौशनी बिखेरी, उनके सपनों को संजोया। लेकिन जैसे-जैसे मौसम बदला, शिक्षा विभाग की मनमानी और नौकरशाही ने उनके समर्पण पर भारी पड़ना शुरू कर दिया। हर बार जब उन्होंने ट्रांसफर की अर्जी लिखी, वह फाइलों के गर्त में खो जाती, जैसे व्यस्त बाजार में एक भूला हुआ बच्चा।

यह विडंबना भरी बात थी; वह सिस्टम, जो शिक्षा को ऊपर उठाने का वादा करता था, वह असल में शिक्कों के कल्याण से ज्यादा कागजी कार्यवाही में उलझा था। एक भाग्यशाली सुबह, एक पत्र आया जिसने विनय के जीवन के संतुलन को चूर-चूर कर दिया। उस लिफाफे पर शिक्षा विभाग का निशान था, जो झूठी आशा की एक चमक की तरह था। उनका दिल तेजी से धड़कने लगा जब उन्होंने उसे खोला, और उसमें शहर में ट्रांसफर की घोषणा थी–एक ऐसा स्थान, जो धूल, कंक्रीट, और तेज गति से भरा हुआ था, जो उनके शांत गाँव के साथ कड़ा विरोधाभास था। विनय का दिल टूट गया जब उन्होंने शहर की सड़कों की कल्पना की, जहाँ उनके छात्रों की हंसी की जगह कारों की हार्नेस और फाइलों की खड़खड़ाहट ले लेगी। उनकी पत्नी, सुषमा देवी, हमेशा उनके लिए ताकत का स्तंभ रही थी, लेकिन इस खबर ने उसे विश्वास और निराशा के बीच झूलने पर मजबूर कर दिया। उसकी आँखों में भरी आँसू हजारों अनकही डर की पीड़ा को दशार्ते थेः क्या वह सच में चले जाएंगे? उनके बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के सपनों का क्या होगा? जब उन्होंने सुषमा के आँसू भरे चेहरे की ओर देखा, तो उन्हें एहसास हुआ कि इस ट्रांसफर की असली कीमत उनकी नौकरी की हानि से कहीं अधिक थी; यह एक परिवार, एक समुदाय, और एक शिक्षक की अटूट प्रतिबद्धता का टूटना था।

## फूल-पत्तियों से तैयार हर्बल गुलाल को सीएम ने सराहा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** होली का त्योहार देशभर में बड़े पैमाने पर मनाया जाता हैं। रंगों के बिना होली पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हर कोई एक दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करता है। लेकिन कई बार कैमिकलयुक्त गुलाल त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं, जो सभी के लिए तकलीफदायक होता है।


### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/डीएलआई के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक वर्ष के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पीजी और एजी साइड, सैलून साइडिंग, प्लांट आदि के सर्कुलेटिंग एरिया में लैंडस्केपिंग और बागवानी कार्य की मरम्मत और रखरखाव। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,49,96,160.00 (रुपये एक करोड़ उनचास लाख छियानवे हजार एक सौ साठ मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,25,000/– (रुपये दो लाख पच्चीस हजार मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 04.04.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
• मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
• निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
• निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/51–2024–25/डब्लू–3 दिनांक : 13.03.2025

801/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र–1

**विषयः अट्ठारह नग सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार 'स्पर्ट कार' की आपूर्ति के लिए दिनांक 16.04.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2402**

वाणिज्यिक निविदा शर्तों व तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित पूर्व बोली सम्मेलन की प्रतिक्रियाएं, वाणिज्यिक निविदा शर्तों व तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र एवं संशोधित निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 25.03.2025 को भी स्थगित कर 16.04.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी.)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल : vijay.singh.2017@gov.in

806/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 87/ईटी/2024–25 दिनांकः 11.03.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12251021 | सेट ऑफ असेम्बली कम्पोनेन्ट फॉर फाईनल असेम्बली ऑफ फीऐट बोगी | 3140 सेट | 25.04.2025 |
| 02 | 11241445 | इंड वाल कन्स्ट्रक्सन असेम्बली कम्पलीट | 2699 नग | 11.04.2025 |
| 03 | 12241503 | फिक्सेसन बॉल ज्वाइन्ट | 69142 नग | 22.04.2025 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 78/ईटी/2024–25 दिनांकः 04.02.2025 | टेंडर नं. 11251021 | निविदा खुलने की तिथि 11.03.2025 स्थान पर तिथि 18.03.2025 पढ़ें |
| 02 | 85/ईटी/2024–25 दिनांकः 07.03.2025 | टेंडर नं. 03242182 | निविदा खुलने की तिथि 17.03.2025 स्थान पर तिथि 25.03.2025 पढ़ें |

**(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)**

उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/आईसी

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं:– इलेक्ट–पीएस–20566–आरटी–3** **दिनांक 11.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारो से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **विवरणः– 1. कार्य का नामः–** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली में सोहावल गेट पर 2X110 किलोवाट कंप्रेसर के प्रावधान के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था। **2. कार्य स्थलः–** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली। **3. अनुमानित लागतः–** रु 13,20,590.11 (रू० तेरह लाख बीस हजार पांच सौ नब्बे रूपये और ग्यारह पैसे मात्र)। **4. अग्रिम राशिः–** रु 26,400.00 (रू० छब्बीस हजार चार सौ मात्र)। **5. कार्य समाप्ति की अवधिः–** 04 (चार माह)। **6 निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः–** 01.04.2025 at 15.00 बजे। **7. अन्य शर्तेः–** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल /निविदा/ कटिंग एंड बेन्डिंग ऑफ कंपोनेंट्स/ 2024–25/ सी649 बी दिनांक 11.03.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है– **कार्य का नामः–** कार्य के दायरे के अनुसार बाहरी एजेंसी से एलडब्ल्यूएसडीडी और एलडब्ल्यूएससीएन कोचों की रूफ, अंडर–फ्रेम और साइडवॉल के लिए अलग–अलग मोटाई की शीटों से कंपोनेंट्स को काटना और मोड़ना और उसका परिवहन, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):–** ₹ 3,96,48,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹:–** शून्य, **अमानत राशिः–** ₹ 3,48,200.00, **कार्य की मात्रा–** जैसा कि मात्रा के बिल में सूचीबद्ध है। **कार्य समापन की अवधि**–12 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**– दिनांक 07.04.2025 को 15.00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता/एसएमएस & हाउसकीपिंग

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शोकीन पुत्र नवाब निवासी झुग्गी ई-57, एच-ब्लॉक, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **112/2019, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्स. एक्ट, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शोकीन** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शोकीन** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **112/2019, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्स. एक्ट, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शोकीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
महानगर न्यायधीश-03
शाहदरा, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/3143/NE/2025**
**(Court Matter)**


### भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र संख्या–2

सं. 2024/Track-III/MC/2 नई दिल्ली, दिनांक 13.03.2025

**विषयः ई–निविदा क्रमांक टीएम–2401 रेल निरीक्षण वाहन की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए**

निविदा शर्तों और रेल निरीक्षण वाहन के तकनीकी विनिर्देश में संशोधन और विषयगत निविदा की समाप्ति तिथि 18.03.2025 (मंगलवार 15:00 बजे) से बढ़ाकर 07.04.2025 (सोमवार 15:00 बजे) करने के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 2 वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

निदेशक रेलपथ आधुनिकीकरण
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845530
ई मेल : anurag.irse05@gov.in

815/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## होली पर सामाजिक बुराईयों से दूर रहने का ले संकल्प: एसपी



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब की हरियाणा को एक ऐसा राज्य बनाने की प्रबल सोच है जिसमें हर व्यक्ति सम्पन्नता के दृष्टिगत मजबूत होकर दूसरे राज्य के लिए भी समृद्धि व खशहाली की मिशाल बने। इस दिशा में कार्य पूरे प्रदेश में कार्य किया जा रहा है। हर जिले व उपमंडल में लगाये जा रहे जनता समाधान शिविर इसका ज्वलंत उदाहरण है।

उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि हर अधिकारी को हर वर्ग के लोगों को सहारा देकर उनकी समस्या का समाधान करके इस समस्या रूपी भवर से बाहर निकालना है। शिविर में उपायुक्त ने सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्षा कुमारी रंजिता कौशिक व संस्था के सदस्यों की और से होली मिलन कार्यक्रम भी रखा जिसमें उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को होली मिलन पर शुभकामनाएं दी व फूलों की होली के साथ इस तैयोहार को पवित्रता के साथ मनाने का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रेम व सदाचार का रंग सब पर बरसाया जाये। होली सौहार्द व भाई-चारे के इस त्यौहार को सामाजिक रूप से इस पर्व को उंच नीच की दीवार को तोड? वाला पर्व माना जाता है। यह पर्व पूजा के स्थान पर रंगोली बनाना कलाधर्मिता के साथ रंगों के मनो विज्ञान को भी प्रदर्शित करता है।

